# फेरो ज्योति
गृह–पत्रक

# FERRO JYOTI
HOUSE JOURNAL

गृह–पत्रक
अप्रैल-सितम्बर, 2015

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

FERRO SCRAP NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Undertaking)

House Journal
Apr-Sept., 2015


## केन्द्रीय इस्पात एवं खान राज्य मंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय का एफएसएनएल के निगमन कार्यालय में आगमन

केन्द्रीय इस्पात एवं खान राज्य मंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय दिनांक 25 जून, 2015 को निगमन कार्यालय पहुँचे जहाँ प्रबंध निदेशक एवं संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

माननीय मंत्री द्वारा कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात् उन्होंने संस्थान के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक ली। बैठक के दौरान मंत्री महोदय के समक्ष संस्थान के क्रिया–कलापों से संबंधित एक प्रस्तुतिकरण दी गई एवं संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया गया।

मंत्री महोदय के आगमन के दौरान प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ निगमन कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

माननीय मंत्री महोदय द्वारा संस्थान के कार्यों की सराहना की गई एवं संस्थान के उत्तरोत्तर प्रगति की दिशा में अपनी ओर से वांछित सहयोग का आश्वासन दिया गया।



## सुश्री अरूणा सुंदरराजन हमारी नई इस्पात सचिव



भारतीय प्रशासनिक सेवा 1982 बैच (केरल कैडर) की वरिष्ठ अधिकारी सुश्री अरूणा सुंदरराजन ने दिनांक 29/10/2015 के प्रभाव से भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय में इस्पात सचिव का पदभार ग्रहण किया। इन्होंने दर्शन शास्त्र में स्नातकोत्तर एवं लोक प्रशासन में डिप्लोमा, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास में कला स्नातक में विशिष्ट उपाधियाँ अर्जित की। अपनी सेवाकाल के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ–साथ उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में उच्च पदों का निर्वहन किया है।

ऐसे जुझारू, प्रतिभावान एवं बहुमुखी व्यक्तित्व वाले अधिकारी का इस्पात सचिव बनने पर समस्त एफएसएनएल परिवार गौरवान्वित है।

## एफएसएनएल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

दिनांक 15 अगस्त, 2015 को संस्थान के निगमन कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित सादे समारोह में संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री राजीब भट्टाचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सामुहिक राष्ट्रगीत गायन के उपरांत सुरक्षा प्रहरियों द्वारा ध्वज को सलामी दी गई।

इस अवसर पर संस्थान की गतिविधियों के संबंध में प्रबंध निदेशक ने उपस्थित कर्मचारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एफएसएनएल के कर्मठ कर्मचारियों के अथक परिश्रम से संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है, एवं उन्हें विश्वास है कि यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए उपकरणों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना बहुत आवश्यक है एवं संस्थान की सभी इकाईयों में अनुरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने कुछ इकाईयों में बंद उपकरणों को वैकल्पिक तरीकों से सुधार कर उत्पादन हेतु उपलब्ध कराने के कार्य की सराहना करते हुए इसे एक अनुकरणीय कदम बताया।

प्रबंध निदेशक द्वारा इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न इकाईयों से पधारे 54 कर्मचारियों को संस्थान में उनकी सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर "दीर्घ सेवा पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने "वार्षिक खेल–कूद", "हिंदी नोटिंग/ड्राफ्टिंग", "हिंदी टंकण" आदि प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

योग आसनों की महत्ता बताते हुए प्रबंध निदेशक ने कहा कि सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से योग आसन, प्राणायाम आदि करना चाहिए जिससे शारीरिक तंदरूस्ती बनी रहती है।





# प्रबंध निदेशक का संदेश



गृह–पत्रिका ''फेरो– ज्योति'' के माध्यम से एफएसएनएल परिवार को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष है।

मुझे आपको यह सूचित करते हुए अत्यधिक खुशी है कि एफएसएनएल के लिए उत्कृष्ट परिणामों के साथ वित्त वर्ष 2014–15 की समाप्ति हुई है एवं इसके लिए मैं व्यक्तिशः बधाई देता हूँ। फेरो–स्क्रैप की निकासी बढ़ कर लगभग 23,07,026 एमटी हो गई है तथा स्लैग हैण्डलिंग तकरीबन 59,75,178 एमटी है, जो प्रारम्भ से अबतक का एक नया कीर्तिमान है। हमारे अध्यक्ष श्री एस.के. त्रिपाठी के सक्रिय नेतृत्व में हम यह कामयाबी हासिल कर सके हैं।

हमारे कार्यालय/संयंत्र की जिम्मेदारियों के निर्वहन के साथ–साथ हमें कुछ समय हमारे कार्यस्थल/कार्य परिवेश की स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी देना होगा, ताकि हम उस संकल्प को पूरा कर सकें जो हमने दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 को ''स्वच्छता शपथ'' के रूप में लिया था। मेरा यह मानना है कि स्वच्छता, हमारे संचालन कार्यों में सुरक्षा, गुणवत्ता, उत्पादकता एवं दक्षता की अभिवृद्धि में सहायक होती है, अतएव हमें स्वच्छ भारत अभियान के तात्पर्य एवं उद्धेश्य को नहीं भूलना है, बल्कि इसे राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य के रूप में निभाना है।

आपको विदित होगा कि एफएसएनएल द्वारा, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के तहत् भिलाई के समीप दुर्ग जिले में चिन्हित तीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं की सुविधा हेतु तीन–तीन शौचालय ब्लाकों का निर्माण करवाया गया है, जो कि भारत सरकार द्वारा देश भर में चलाए जा रहे स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत् राष्ट्र के लिए हमारा एक समर्पण होगा।

जहाँ तक एफएसएनएल के भावी संभावनाओं का सवाल है, इस्पात संयंत्रों के विस्तारीकरण की वजह से स्क्रैप की आवश्यकताओं में वृद्धि स्वाभाविक है, जिसे एसफएसएनएल द्वारा एक सुनहरे अवसर के रूप में देखा जा रहा है, तथा इस्पात संयंत्रों से आने वाले वर्षों में प्राप्त होने वाले अतिरिक्त कार्यों के निर्वहन के लिए एफएसएनएल पूरी तरह तैयार है। एफएसएनएल द्वारा अपने वर्तमान मशीनों की दुरूस्ती/प्रतिस्थापना के लिए विभिन्न चरणों में अनुवृद्धि/रूपांतर/प्रतिस्थापना संबंधी योजना बनाई जा रही है, ताकि कार्यक्षमता एवं उत्पादकता में वृद्धि के साथ–साथ लागत में कमी की जा सके।

अंत में, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय एवं हमारे सम्मानित ग्राहक सेल, आरआईएनएल, बीएचईएल, एनआईएनएल, भारतीय रेल (रेल व्हील फैक्ट्री) आदि के सतत संरक्षण एवं प्रोत्साहन के बल पर मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि एफएसएनएल हर चुनौतियों का सामना करते हुए इस्पात उद्योग में व्यर्थ पदार्थों के पुनश्चक्रण के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान बनी रहेगी।

जय हिंद

(राजीब भट्टाचार्य)
प्रबंध निदेशक

# राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल द्वारा निरीक्षण



दिनांक 27 फरवरी, 2015 को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल के प्रभारी उप–निदेशक (कार्यान्वयन) श्रीमती साधना त्रिपाठी द्वारा निगमन कार्यालय, भिलाई में राजभाषा नीति–निर्देशों के क्रियान्वयन की दिशा में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया ।

प्रभारी उप–निदेशक (कार्यान्वयन) श्रीमती साधना त्रिपाठी ने निगमन कार्यालय, भिलाई में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों पर आधारित ''राजभाषा प्रदर्शनी'' का उद्घाटन विधिवत रूप से विद्यादायिनी माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने एफएसएनएल के सभी विभाग/अनुभागों के विभागवार प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा की तथा निरीक्षण के




पश्चात् श्री के.एल. पटेल, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के साथ बैठक ली। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान श्रीमती त्रिपाठी ने एफएसएनएल द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए राजभाषा नीति–निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन जारी रखने की हिदायत दी, जिसके लिए एफएसएनएल प्रबंधन ने अपनी कटिबद्धता दोहराई। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल के प्रभारी उप–निदेशक (कार्यान्वयन) श्रीमती साधना त्रिपाठी के साथ श्री प्रवीण कुमार रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# नई इकाई का शुभारंभ

विश्वेश्रैया आयरन एवं स्टील प्लांट, भद्रावती, कर्नाटक में 2 जनवरी, 2015 को हमारी नई इकाई का शुभारंभ किया गया ।

# नराकास स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय में श्री बि.बि. प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) की अध्यक्षता एवं श्री अभय कुमार महापात्र, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास/प्रशासन), डॉ. बी.एम. तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), भिलाई इस्पात संयंत्र, श्री डी.पी.देशमुख, प्रबंधक (प्रशासन/जनसंपर्क/राजभाषा), सेल, रिफ्रैक्ट्री यूनिट एवं श्री दादू लाल जोशी, व्याख्याता, बीएसपी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, भिलाई के विशिष्ट आतिथ्य में नराकास स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

उपरोक्त प्रतियोगिता में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के अलावा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के अन्य सदस्य संस्थानों जैसे-भिलाई इस्पात संयंत्र, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय खाद्य निगम, राइट्स लिमिटेड, एनएसपीसीएल, लेखा परीक्षा कार्यालय, आन्ध्रा बैंक, आरडीसीआईएस, मेकॉन लिमिटेड, शाखा विक्रय कार्यालय, बैंक ऑफ इण्डिया, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।









## राजभाषा कार्यशाला

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में दि. 24 जून, 2015 को निगमन कार्यालय, भिलाई में द्वितीय तल स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी.एम. तिवारी, वरि.प्रबंधक (राजभाषा), भिलाई इस्पात संयंत्र ने कार्मिकों को हिंदी में कैसे काम किया जाए, इस विषय पर जानकारी दी। राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। मनोरंजनात्मक राजभाषा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। अंत में राजभाषा यूनिकोड गति अभ्यास परीक्षा तथा भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा कंप्यूटर पर हिंदी टंकण परीक्षा के उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। राजभाषा प्रश्न मंच के सफल प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।





# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार एफएसएनएल के निगमन कार्यालय सहित सभी इकाईयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर, 2014 से 1 नवंबर, 2014 तक मनाया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को सतर्कता संकल्प दिलवाया गया तथा महामहिम राष्ट्रपति के संदेश का वाचन किया गया । निगमन कार्यालय सहित सभी इकाईयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान ''सतर्कता नारा'' तथा ''सतर्कता निबंध प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया।

## एफएसएनएल में ''स्वच्छ भारत अभियान''

भारत सरकार के ''स्वच्छ भारत अभियान'' कार्यक्रम के तहत जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय सहित इसकी सभी इकाइयों में दिनांक 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान का शुभारम्भ किया गया।

एफएसएनएल के निगमन कार्यालय में दिनांक 2.10.14 को संस्थान के सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन) श्री के.एल.पटेल ने इस कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी, एवं तदोपरांत प्रातः 09.45 बजे सभी कर्मचारियों को ''स्वच्छता शपथ'' दिलायी गयी।

इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों ने इस विषय पर अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए, एवं यह संकल्प लिया गया कि कार्यालय के साथ–साथ अपने–अपने घरों के आस–पास भी स्वच्छता बनाए रखेंगे एवं दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय के मुख्य द्वार पर सफाई कर स्वच्छता अभियान को चरितार्थ किया गया।

एफएसएनएल में स्वच्छ भारत अभियान का कार्यक्रम दिनांक दो अक्टूबर 2014 से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं वर्षगांठ दो अक्टूबर 2019 तक चलाया जाएगा जिसके लिए कार्यक्रम निर्धारित किए जा चुके हैं।

उक्त अवसर पर दिनांक 02.10.14 को एफएसएनएल के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।






## एफएसएनएल के कार्मिक ''स्वच्छता जागरूकता सप्ताह'' हेतु मानव श्रृंखला में सम्मिलित हुए

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा उप–संचालक, आद्यौगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, दुर्ग संभाग, दुर्ग के निर्देशानुसार दि. 16 मार्च, 2015 को ''स्वच्छता जागरूकता सप्ताह'' के अवसर पर आसपास के क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से राष्ट्रीय राजपथ कमांक–6 जी.ई. रोड पर आयोजित ''मानव श्रृंखला'' कार्यक्रम में भाग लिया गया। उक्त कार्यक्रम का अवलोकन छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय एवं दुर्ग कलेक्टर श्रीमती आर.संगीता ने किया ।

## 44वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय सहित सभी इकाईयों में 44 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 4 मार्च, 2015 को मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्य के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं एवं उसके दुष्परिणामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। इकाई में सुरक्षा से संबंधित ''कार्य के दौरान सुरक्षा का महत्व'' विषय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य वाद–विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# होली मिलन समारोह

**दिनांक 06 मार्च, 2015 को एफएसएनएल बिरादरी द्वारा "होली मिलन समारोह" का आयोजन किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक दुसरे पर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।**







## हंसी के पल

एक व्यक्ति हलवाई के दुकान पर आधा किलो जलेबी लेकर खाया और बिना पैसे दिए जाने लगा।

दुकानदार – "अरे भाई, जलेबी के पैसे तो दिए जा"

व्यक्ति – "पैसे तो नहीं है भाई"

इस पर दुकानदार ने अपने नौकर को बुला कर उस व्यक्ति की भरपूर पिटाई करवा दी ।

पिटने के बाद वह व्यक्ति उठा और हाथ पैर झाड़ते हुए बोला – "इसी भाव पर एक किलो और तौल दो"

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

निगमन कार्यालय, भिलाई में दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल, 2015 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनके विजेता / उप–विजेता इस प्रकार रहे :–

| | विजेता | उप–विजेता |
|---|---|---|
| बैडमिंटन (युगल) | श्री रश्मी रंजन तारेनिआ | श्री अवधेश कुमार |
| | श्री शशि भान सिंह | श्री दीपक तोमर |
| कैरम बोर्ड (युगल) | श्री मनीष कुमार ठाकुर | श्री अभय कुमार महापात्र |
| | श्री अमित सेनगुप्ता | श्री के.गिरीश कुमार |
| शतरंज | श्री संजय बागड़े | श्री डी.सी.शेखर |

उपरोक्त विजेताओं को दि. 15 / 08 / 2015 को स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्थान के प्रबंध निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया गया ।



# स्वच्छ भारत अभियान



पहले



बाद में

निगमन कार्यालय, भिलाई में ओपन ऑफिस सिस्टम स्थापित किया गया है जिसके फलस्वरूप कार्यस्थल को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रूप मिला।

## सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को कोटिशः बधाई

राउरकेला इकाई में डम्पर DT-4385 में NTA 855 BC Engine को बदल कर श्री टी. जेना, वरिष्ठ मैकेनिक–1, श्री जी. ठाकुर, मैकेनिक, श्री एम. पूर्ति, वरिष्ठ मैकेनिक–1, श्री आर.के. शर्मा, तकनीशियन की टीम ने लगन एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के बदौलत उसके स्थान पर NTA 855 SC Engine स्थापित किया।

राउरकेला इकाई में डोजर T-3646 बंद एवं बिखरा पड़ा था। श्री एम.पी. बेहेरा, वरिष्ठ मैकेनिक–1 एवं श्री एस.के. पटनायक, वरिष्ठ मैकेनिक–1 की टीम ने कड़ी मेहनत कर अल्पावधि में इसे पुनः स्थापित करने में कामयाबी हासिल की।

विशाखापट्टणम इकाई में डम्पर DT-4660 में CLT-754 ट्राँसमिशन के स्थान पर CLBT-754 ट्राँसमिशन का प्रवर्तन करने का बीड़ा श्री जे. मणी कुमार, कनिष्ठ प्रबंधक (अनुरक्षण), श्री मुर्तजा खान, वरिष्ठ मैकेनिक–1 और श्री एस. माणिक्यम, मैकेनिक–1 की टीम ने उठाया और अपने अथक प्रयास से इन कार्मिकों की टीम ने इसे मूर्त रूप प्रदान किया।

विशाखापट्टणम इकाई में ही मैग्नेट M- 2346 जो विगत् तीन वर्षों से खराब था, इसको पुनः बनवाने में लगभग 7 लाख रूपये खर्च आता। इकाई के कर्मठ कर्मचारी श्री मुकुल होर, वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन–2 एवं श्री मुगी निलैया, वरिष्ठ लांसर गैसकटर–1 ने अपने अथक प्रयासों से इस बंद पड़े मैग्नेट को न्यूनतम खर्च पर उपलब्ध संसाधनों की मदद से पुनः उपयोग के लायक बनाया।

उपरोक्त सभी कार्य श्री डी.पी.सेन, इकाई प्रमुख के मार्गदर्शन में किया गया।



राउरकेला इकाई
बायें से दायें सर्वश्री टी.जेना, एस.के.पटनायक, आर.के.शर्मा, एम.पी.बेहेरा, घनश्याम ठाकुर एवं एम.पूर्ति



विशाखापट्टणम इकाई
बायें से दायें सर्वश्री मुकुल होर, एस. माणिक्यम, जे. मणी कुमार, मुर्तजा खान एवं मुगी निलैया

## राजभाषा कंप्यूटर पर यूनिकोड का आधारभूत प्रशिक्षण




भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रति तिमाही में राजभाषा यूनिकोड पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। इसी तारतम्य में निगमन कार्यालय, भिलाई के स्वर्ण जयंती सभागार में दिनांक 08 जून, 2015 से 16 जून, 2015 तक राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा निगमन कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कम्प्यूटर पर यूनिकोड पर आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किया गया और दि. 16 जून, 2015 को विभागवार यूनिकोड पर टंकण गति अभ्यास का आयोजन किया गया।

## दुर्गापुर इकाई द्वारा नराकास स्तरीय स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, दुर्गापुर इकाई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति स्तरीय स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता दि. 21 अप्रैल, 2015 को श्रीमती रीना कुमार, सदस्य–सचिव, नराकास, दुर्गापुर के मुख्य आतिथ्य एवं श्री ए.के.पॉल, सहायक महाप्रबंधक के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई। श्री कमलेन्दु मिश्रा, सहायक प्रबंधक (राजभाषा व क्रीड़ा), एलाय इस्पात संयंत्र, श्री कल्लोल मजुमदार, जन संपर्क अधिकारी, दुर्गापुर इस्पात संयंत्र निर्णायक के रूप में उपस्थित थे।

## आईएसओ प्रमाण पत्र

संस्थान को मेसर्स आई आर एस द्वारा आईएसओ 9001:2008, 14001:2004 तथा ओएचएसएएस 18001:2007 आईएमएस प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं।

## आपदा प्रबंधन नीति

संस्थान में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत् प्राकृतिक आपदा जैसे जोखिमों से जूझने हेतु आपातकालीन प्रबंधन के जरिये आर्थिक, मानवीय और पर्यावरणीय क्षति को रोकने हेतु कंपनी द्वारा आपदा प्रबंधन नीति बनायी गई है। आपदा प्रबंधन नीति के तहत् निगमन कार्यालय सहित सभी इकाईयों में इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नामांकित किए गए हैं। आपदा प्रबंधन नीति के माध्यम से निगमन कार्यालय/इकाईयों के साथ–साथ नगर के विद्यालयों, चिकित्सालयों आदि में प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात इत्यादि से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कारगर उपाय करने का प्रावधान है।

## समझौता ज्ञापन

वर्ष 2014–2015 के समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के अनुसार कंपनी का मूल्यांकन "उत्कृष्ट" रहा।

## नियुक्ति

| क्र. सं. | नाम | पदनाम | इकाई | नियुक्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री पायल राजा | कार्यपालक (वि. व ले.) | निगमन कार्यालय | 26.06.2015 |
| 2. | अभिषेक गोराई | कार्यपालक (वि. व ले.) | निगमन कार्यालय | 01.07.2015 |
| 3. | अनिल कुमार शाह | कनि.प्रबं. (वि. व ले.) | निगमन कार्यालय | 07.07.2015 |
| 4. | मलय कुमार शामल | कनि.प्रबं. (वि. व ले.) | निगमन कार्यालय | 14.07.2015 |
| 5. | कार्तिक कर्मकार | कार्यपालक (वि. व ले.) | निगमन कार्यालय | 21.07.2015 |
| 6. | चंदन अग्रवाल | कार्यपालक (वि. व ले.) | निगमन कार्यालय | 21.09.2015 |
| 7 | अभिषेक सिंह | कार्यपालक (वि. व ले.) | निगमन कार्यालय | 30.09.2015 |

## श्रद्धांजली

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री दुर्गा साह | हेल्पर | बोकारो | 27/01/2015 |
| 2. | श्री ए.के.मुखर्जी | प्रबंधक (वित्त व लेखा) | बोकारो | 11/02/2015 |
| 3. | श्री सुबोध कुमार | शिफ्ट फोरमैन/ वरिष्ठ टाईमकीपर | बोकारो | 27/02/2015 |
| 4. | श्री के.एन.पूर्ति | वरिष्ठ वेल्डर | राउरकेला | 19/05/2015 |
| 5. | श्री एस.बंगबॉश | भण्डार प्रभारी | बोकारो | 26/05/2015 |
| 6. | श्री प्रहलाद सिंह | वरिष्ठ मैकेनिक | भिलाई | 10/06/2015 |
| 7. | श्री एन.व्ही.आर. मूर्ति | शिफ्ट फोरमैन/ वरिष्ठ टाईमकीपर | विशाखापट्टणम | 06/07/2015 |
| 8. | श्री जी.बिंधानी | डोजर प्रचालक | राउरकेला | 25/08/2015 |

## हार्दिक शुभकामनाएं



1. सुश्री सरीता सिंह (सुपुत्री श्री एस.के.सिंह, वरिष्ठ मैकेनिक–1, विशाखापट्टणम इकाई) ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल से वर्ष 2014 की 10 वीं परीक्षा में 10 सीजीपी प्राप्त किया ।

2. सुश्री अहेली चटर्जी (सुपुत्री श्री अमिताभ चटर्जी, उप–प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन), विशाखापट्टणम इकाई) ने गीतम कॉलेज नेशनल फेसट द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।



3. सुश्री मामिदी रम्या (सुपुत्री श्री एन श्रीनिवास राव, कार्यालय परिचर–1 विशाखापट्टणम इकाई) ने वर्ष 2015 के केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल 10 वीं की परीक्षा में 9.5 सीजीपी प्राप्त किया।

## विदाई

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री एस.एन .सिंह | एचईएमई प्रचालक | बोकारो | 31/01/2015 |
| 2. | श्री आर.एस.चौबे | वरिष्ठ सेपरेटर प्रचालक/ टेकनीशियन | भिलाई | 31/01/2015 |
| 3 | श्री राम सिंह | वरिष्ठ क्रेन प्रचालक | भिलाई | 31/01/2015 |
| 4. | श्री बी.पी.सिंह | वरिष्ठ वेल्डर/ गैसकटर | राउरकेला | 31/01/2015 |
| 5. | श्री बिरसा पान | हेल्पर | राउरकेला | 31/01/2015 |
| 6. | श्री पी.डी. स्वर्णकार | मुख्य महाप्रबंधक(पीई डी एवं डी/डी) | निगमन कार्यालय | 28/02/2015 |
| 7. | श्री नेवाज खान | क्रेन प्रचालक | राउरकेला | 28/02/2015 |
| 8. | श्री के.के.इंगले | वरिष्ठ मैकनिक | भिलाई | 28/02/2015 |
| 9. | मो. जान | आटो मैकेनिक | बोकारो | 28/02/2015 |
| 10. | श्री मुंगीलाल नायक | एचईएमई प्रचालक | राउरकेला | 31/03/2015 |
| 11 | श्री ए.कीण्डो | वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन | राउरकेला | 31/03/2015 |
| 12. | श्री कुमार मल्लिक | वरिष्ठ लांसर/ गैसकटर | राउरकेला | 31/03/2015 |
| 13. | श्री एन.के.प्रसाद | प्रधान सहायक | भिलाई | 31/03/2015 |
| 14. | श्री बी.के.पानी | वरिष्ठ मैकेनिक | राउरकेला | 30/04/2015 |
| 15. | श्री त्रिलोचन साहू | एचईएमई प्रचालक | राउरकेला | 30/04/2015 |
| 16. | श्री जी.सी.महतो | एचईएमई प्रचालक | राउरकेला | 30/04/2015 |
| 17. | श्री धनी राम सिरामे | वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन | भिलाई | 30/04/2015 |
| 18. | श्री आर.सी. चट्टोपाध्याय | सहायक प्रबंधक (का. व प्रशा.) | दुर्गापुर | 30/04/2015 |
| 19. | श्री ए.के.बेहेरा | वरिष्ठ मैकेनिक | दुर्गापुर | 30/04/2015 |
| 20. | श्री बिहारी ओरन | वरिष्ठ डीपीएल प्रचालक | बोकारो | 30/04/2015 |
| 21. | श्री आशीष कुमार दत्ता | कनिष्ठ प्रबंधक (वित्त व लेखा) | बर्नपुर | 31/05/2015 |
| 22. | पी.पुरूषोत्तम | सहायक महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) | निगमन कार्यालय | 30/06/2015 |
| 23. | श्रीमती एम.मैत्रा | ईपीएस | निगमन कार्यालय | 30/06/2015 |
| 24. | बी.के.सिंह | वरिष्ठ वेल्डर/ गैसकटर | बर्नपुर | 30/06/2015 |
| 25 | श्री एम.के. महापात्र | प्रबंधक (अनुरक्षण) | बोकारो | 30/06/2015 |
| 26. | श्री एन.सी. चक्रवर्ती | मैकेनिक | बोकारो | 30/06/2015 |
| 27. | श्री ए.एन.पाल | वरिष्ठ मैकेनिक | दुर्गापुर | 30/06/2015 |
| 28. | श्री नारायण राय | मैकेनिक | दुर्गापुर | 30/06/2015 |
| 29. | श्री पागल कोरा | सेपरेटर प्रचालक/ टेकनीशियन | दुर्गापुर | 30/06/2015 |
| 30. | श्री पी.व्ही.राव | एचईएमई प्रचालक | विशाखापट्टणम | 30/06/2015 |
| 31. | श्री के.के.सिंह | वरिष्ठ सेपरेटर प्रचालक | विशाखापट्टणम | 30/06/2015 |
| 32. | श्री असीत कुमार घोष | वरिष्ठ डोजर प्रचालक | दुर्गापुर | 31/07/2015 |
| 33 | श्री बी.पी.बेग | ए एफ/टी के | दुर्गापुर | 31/07/2015 |
| 34. | श्री जे.खालखो | वरिष्ठ मैकेनिक | राउरकेला | 31/07/2015 |
| 35. | श्री टेक राम तेली | एचईएमई प्रचालक | भिलाई | 31/08/2015 |
| 36. | श्री मदन रंगारी | एचईएमई प्रचालक | भिलाई | 31/08/2015 |
| 37 | श्री डी.पी.सिंह | कनिष्ठ प्रबंधक (वि. व ले.) | भिलाई | 31/08/2015 |
| 38. | श्री सेवा राम | वरिष्ठ क्रेन/ एक्सकावेटर प्रचालक | भिलाई | 30/09/2015 |
| 39. | श्री पुरूषोत्तम राव | एचईएमई प्रचालक | विशाखापट्टणम | 30/09/2015 |
| 40 | श्री एम.रमेश | लुब्रिकेशन इंचार्ज | विशाखापट्टणम | 30/09/2015 |

## विश्व पर्यावरण दिवस



फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस दिनांक 5 जून, 2015 को मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रबंध निदेशक ने वृक्षारोपण कर लोगों का ध्यान पर्यावरण सुरक्षा की ओर आकृष्ट किया।

## निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

1. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व योजना वर्ष 2014–15 के तहत् एफ.एस.एन.एल. द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में स्थित निम्नलिखित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं के लिए पृथक शौचालयों का निर्माण कराया गया :–
   1. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेलूद
   2. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तर्रा
   3. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमधा
2. ''मानस भवन'' छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में स्थित एक सांस्कृतिक धरोहर है जहाँ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस भवन में विद्युतीकरण का कार्य किया जाना अपेक्षित था। एफ.एस.एन.एल. द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व योजना वर्ष 2014–15 के तहत् इस कार्य को भी समाहित करते हुए मानस भवन में विद्युतीकरण का कार्य सम्पन्न कराया गया ।



## योगाभ्यास एवं विश्व योग दिवस का आयोजन




संस्थान के निगमन कार्यालय में दिनांक 3 मई, 2015 को प्रातः 6.00 बजे से 7.30 बजे तक ''ध्यान साधना के माध्यम से मस्तिष्क प्रबंधन'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में 21 जून, 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ज्ञान यज्ञ, वेलफेयर सोसाईटी की श्रीमती प्रीति अग्रवाल द्वारा ध्यान साधना के महत्व, ध्यान साधना की विधि एवं इसके लाभ आदि पर विस्तृत व्याख्यान के साथ–साथ योग विद्या के कुछ प्रमुख आसनों का भी प्रदर्शन किया गया। कम्प्यूटरों पर कार्य करने वालों के लिए आँखों की सुरक्षा संबंधी कुछ सरल आसनों का भी प्रायोगिक प्रशिक्षण उपरोक्त कार्यशाला के दौरान दिया गया।

कर्मचारियों एवं गृहणियों के लिए उपरोक्त कार्यशाला काफी उपयोगी सिद्ध हुआ तथा नियमित रूप से ऐसे कार्यशालाओं के आयोजन हेतु अनुरोध किया गया।




## सार्वजनिक प्रतिष्ठान सप्ताह का आयोजन

एफएसएनएल के निगमन कार्यालय, भिलाई में सार्वजनिक प्रतिष्ठान सप्ताह 10–16 अप्रैल, 2015 तक मनाया गया। इस अवसर पर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा प्रकाशित एवं कैड इण्डिया द्वारा मुद्रित